# अहिंसा के उद्घोष से गुंजायमान हुई सतना नगरी

# चांदी के रथ पर सवार होकर निकले भगवान महावीर





सतना।

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को सतना शहर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। चांदी के भव्य रथों और पालकियों में विराजमान होकर जब 'त्रिशला नंदन' नगर भ्रमण पर निकले,तो हर राह पुष्पवर्षा से महक उठी।

## भक्ति,नृत्य और मंगल गान का संगम

शोभायात्रा का शुभारंभ पन्नीलाल चौक स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर से हुआ। यात्रा में सबसे आगे समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चे हाथों में धर्म ध्वजा लिए घोड़ों पर सवार होकर चल रहे थे,जो आकर्षण का केंद्र रहे। पीछे ढोल-नगाड़ों की थाप पर जैन नवयुवकों की टोलियां झूमती-नाचती भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही थीं। इस दौरान समाज की महिलाएं केसरिया परिधानों में मंगलगान करती हुई चल रही थीं।

## संतों का सानिध्य और भव्य स्वागत

इस पावन अवसर पर आर्यिका माताओं और श्री समता सागर महाराज मुनि संघ का मंगल सानिध्य प्राप्त हुआ। शोभायात्रा पन्नीलाल चौक से शुरू होकर हनुमान चौक,सुभाष चौक और जयस्तंभ चौक जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरी। शहरवासियों ने जगह-जगह तोरण द्वार सजाकर और पुष्पवर्षा कर भगवान महावीर का अभिनंदन किया। शाम को मंदिर जी में भगवान की महाआरती उतारी गई और वर्धमान स्त्रोत के पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया।

आज श्वेतांबर जैन समाज बिखेरेगा भक्ति की छटा

महावीर जयंती के मुख्य पर्व पर कल,मंगलवार 31 मार्च को श्री श्वेतांबर जैन समाज द्वारा विशाल रथ यात्रा निकाली जाएगी। समयः प्रातः 9:30 बजे प्रारंभः श्री आदिनाथ जिनालय (गांधी चौक)मार्गः सुभाष चौक, गौशाला चौक,अग्रसेन चौक,जयस्तंभ चौक,पन्नीलाल चौक और पुराना पावर हाउस होते हुए पुनः मंदिर जी। श्री संघ के प्रचार प्रमुख संदीप कुमार जैन ने बताया कि समाज के अध्यक्ष दीपक भाई बोरा,मंत्री राजेश कुमार वोरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी पुरुषों से श्वेत वस्त्र धारण कर इस धर्म प्रभावना में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।


## मैहर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई भगवान महावीर जयंतीः निकली भव्य पालकी यात्रा

सत्य,अहिंसा और अपरिग्रह के संदेशवाहक श्री 1008 महावीर भगवान की जयंती आज 30 मार्च 2026 को मैहर नगर में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह ठीक 7 बजे स्थानीय श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा।यहाँ भगवान जी का अत्यंत भक्ति भाव से अभिषेक और शांतिधारा संपन्न की गई। इसके पश्चात सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक पूजन कर विश्व शांति की कामना की गई। पूजन के उपरांत सुबह 8 बजे भगवान जी को भव्य पालकी में विराजमान किया गया। श्री दिगंबर जैन मंदिर से प्रभु की शांतिपूर्ण प्रभात फेरी शुरू हुई,जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। पालकी यात्रा में भगवान के जयकारों से पूरा मैहर नगर गूंज उठा। शोभायात्रा का स्वागत नगरवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर किया। जैन समाज के प्रत्येक घर के सामने आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। जैसे ही भगवान की पालकी द्वार पर पहुँची,श्रद्धालुओं ने आरती और भक्ति नृत्य कर भगवान का अभिनंदन किया,जिससे शोभायात्रा की भव्यता में चार चाँद लग गए।विशेष रूप से महिला समाज ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी अटूट श्रद्धा प्रदर्शित की।



## खबर संक्षेप

### मारपीट के बाद हुई प्रेमियों की शादी



मैहर। मां शारदा मंदिर परिसर में स्थित त्रिमूर्ति गेट के पास हुई मारपीट घटना को लेकर पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी में इसे प्रेम प्रसंग से जुड़ा विवाद बताया है। पुलिस के अनुसार,वीडियो में जो युवक लड़की के साथ मारपीट करता दिखाई दे रहा है,वह उसका भाई बताया जा रहा है। वहीं लड़की के साथ खड़ा युवक उसका प्रेमी है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष एक ही गांव के निवासी हैं और मैहर दर्शन के लिए आए थे। जानकारी के मुताबिक,भाई ने अपनी बहन को उसके प्रेमी के साथ देख लिया जिसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर युवक-युवती की शादी भी करवा दी गई है जिसके बाद मामला शांत हुआ और दोनों पक्ष वापस घर लौट गए है। हालांकि अब तक दोनों पक्षो में किसी ने भी थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### बिजली की बढ़ी दरें, पेट्रोल, गैस समस्या को लेकर मैहर कांग्रेस देगी ज्ञापन



मैहर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी, गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि एवं अनुपलब्धता तथा पेट्रोल/डीजल की कमी के विरोध में 31 मार्च 2026 मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें कलेक्टर/एस.डी.एम. को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त जानकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश घई ने देते हुए बताया है कि आज भाजपा सरकार की मनमानी के चलते देश में नित नए समस्याएं पैदा होती जा रही जिसके चलते आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज देश में न तो पेट्रोल, डीजल मिल रहा है न ही गैस उपलब्ध हो रही जिसके चलते आम काम धंधा छोड़कर गैस लेने की लाइन में खड़ा हो रहा है। इसी तरह अभी इन समस्याओं से आम जनता परेशान हो रही है वहीं प्रदेश में बिजली की दरें बढ़ाकर आग में घी डालने का कार्य रही है। इन्हीं समस्याओं को लेकर कांग्रेस मैहर के द्वारा 31 मार्च को दोपहर 10 बजे एसडीएम कार्यालय में विरोध करते हुए मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### चोरी के मामले में दो हिरासत में

सतना। जबलपुर पुलिस ने मैहर थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सोने-चांदी का कारोबार करने वाले दुकानदार विनोद सोनी और उनके एक साथी को हिरासत में लिया है। विनोद सोनी की दुकान मैहर में होटल चंद्रनील के पास स्थित है। सूत्रों से मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार,यह पूरी कार्रवाई चोरी के माल की खरीद-फरोख्त से जुड़ी हुई है। जबलपुर पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई है और मामले की सघन पूछताछ जारी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सतना। जिले के जसो थाना क्षेत्र में कल देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक ने अपनी जान गंवा दी। घटना बड़गड़ी गांव के पास की है। बताया जाता है कि बाइक सवार दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मारपीट में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

सतना। उचेहरा थाना क्षेत्र से जुड़ी एक दुखद खबर है,जहाँ आपसी विवाद में घायल हुए एक अधेड़ व्यक्ति ने दम तोड़ दिया है। कुछ समय पहले हुई मारपीट की घटना में अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल में उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आरोपियों की तलाश के साथ मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है



### 4 अप्रैल तक चलेगा 'स्कूल चलें हम' अभियान,

सतना। नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के साथ जिले में 01 से 04 अप्रैल तक "स्कूल चलें हम" अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 01 अप्रैल को सभी विद्यालयों एवं जिला स्तर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा,जिसमें जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल का वितरण किया जाएगा।

# सीएम हेल्पलाइन समाधान या सिर्फ आंकड़ों का खेलः प्रभात

**यदि समय रहते सुधार नहीं किए गए तो यह योजना जनहित का माध्यम नहीं बल्कि आंकड़ों का खेल बनकर रह जाएगी**



मैहर।

प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से शुरू की गई सीएम हेल्पलाइन योजना आज गंभीर सवालों के घेरे में है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने इस योजना की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए इसे जनता के विश्वास के साथ छल बताया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से संचालित इस योजना का वास्तविक मूल्यांकन सरकार ने कभी ईमानदारी से नहीं किया। कागजों में भले ही लाखों शिकायतों के निराकरण के दावे किए जा रहे हों लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। प्रभात द्विवेदी ने आरोप लगाया कि आज की स्थिति यह है कि जैसे ही कोई आम नागरिक शिकायत दर्ज करता है,संबंधित विभाग के अधिकारी एकजुट होकर शिकायतकर्ता पर दबाव बनाते हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में शिकायतकर्ता को फोन कर या व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जाता है या फिर बिना वास्तविक समाधान के ही शिकायत को फोर्स क्लोज कर दिया जाता है। फोर्स क्लोज प्रक्रिया को उन्होंने शिकायत की मूल आत्मा पर प्रहार करार दिया। प्रभात द्विवेदी ने कहा कि शुरुआत में यह योजना आम जनता के लिए आशा की किरण थी लेकिन अब यह भरोसे के संकट में बदलती जा रही हैजब शिकायत करने वाला ही डर जाए तो लोकतंत्र का क्या अर्थ रह जाता है? उन्होंने सरकार से मांग की कि फोर्स क्लोज प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगे शिकायतकर्ता की सहमति के बिना कोई शिकायत बंद न की जाए पूरी योजना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए

दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। मैहर में उठी यह आवाज अब प्रदेश स्तर पर गूंजने लगी है। सीएम हेल्पलाइन जैसी महत्वाकांक्षी योजना जो जनता और सरकार के बीच सेतु बनने का दावा करती थी आज खुद सवालों के घेरे में है।यदि समय रहते सुधार नहीं किए गए तो यह योजना जनहित का माध्यम नहीं बल्कि आंकड़ों का खेल बनकर रह जाएगी।

# मैहर-अमरपाटन में बदला मौसम, तेज बारिश से मिली राहत, कहीं-कहीं अभी भी बूंदा बांदी जारी





मैहर।

मैहर जिले सहित अमरपाटन और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार को लगभग 3 बजे मौसम ने अचानक करवट ले ली और चली हल्की हवाओं के बीच मैहर में कुछ देर तक बूंदा बांदी के साथ बारिश हुई जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषणगर्मी से राहत मिली। अचानक हुई इस बारिश के चलते कई शहर में फुटपाथी दुकानदारों को परेशानी का सामना करना और अपने दुकान की बचत के लिए तिरपाल और पन्नी का सहारा लिया गया। इस बारिश से जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित जरूर हुआ लेकिन मौसम सुहावना हो जाने से लोगों के चेहरे पर राहत साफ देखी गई। काफी दिनों से पड़ रही गर्मी से परेशान स्थानीय निवासियों को इस बदलाव ने बड़ी राहत दी है। मौसम विभाग के अनुसार,आगामी दिनों में भी ऐसे ही मौसम परिवर्तन की संभावना बनी हुई है। फिलहाल,बारिश ने गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया है लेकिन ग्रामीण अंचल में जिन्होने खेतों से फसल काटकर गहाई के लिए खेतों में रखा है पानी से बचाने के लिए तिरपाल और पन्नी का सहारा लिया गया वहीं खेतों में पकी फसल को देखकर किसानों के चेहरों में लकीरें खिंच गई है वहीं मौसम विभाग की भविष्यवाणी सें चिंतित है।

# तहसीलदार हिमांशु शुक्ला ने पकड़ा बालू से लदा ओवरलोड हाइवा





सतना।

मझगवां क्षेत्र में अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। मझगवां तहसीलदार हिमांशु शुक्ला ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालू से भरे एक ऐसे हाइवा को जब्त किया है,जो न केवल ओवरलोड था,बल्कि बिना नंबर प्लेट के सड़क पर बेखौफ दौड़ रहा था। बिना पहचान के उड़ाई जा रही थी नियमों की धज्जियां कार्रवाई के दौरान पाया गया कि हाइवा में क्षमता से अधिक बालू भरी हुई थी। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वाहन पर नंबर प्लेट तक नहीं थी, जिससे स्पष्ट है कि परिवहन नियमों को ताक पर रखकर अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। तहसीलदार की इस कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफियाओं और ओवरलोड वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है। वाहन को फिलहाल पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### रीवा-मुंबई ट्रेन अब नियमित होने से यात्रियों को मिलेगी किराए में राहत

मैहर। विध्य अंचल को महाराष्ट्र से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन को लेकर यात्रियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। रेलवे प्रशासन ने रीवा-सीएसएमटी (मुंबई) ट्रेनों से 'स्पेशल' का टैग हटाकर उन्हें नियमित श्रेणी में शामिल कर दिया है। इस ट्रेन के नियमित होने से अब इनके संचालन में स्थिरता आएगी और यात्रियों को किराए में भी 10 से 25प्रतिशत तक राहत मिलेगी।अब तक स्पेशल ट्रेन का दर्जा जहोने के कारण इन ट्रेनों को संचालन में प्राथमिकता नहीं मिलती थी। मार्ग में अन्य नियमित ट्रेनों को पास देने के लिए इन्हें कई बार रोका जाता था,जिसके चलते रीवा-मुंबई ट्रेन अक्सर 10 से 12 घंटे तक विलंब से गंतव्य पर पहुंचती थी। नियमित श्रेणी में शामिल होने के बाद समयबद्ध संचालन की उम्मीद बढ़ गई है। रेलवे सूत्रों के अनुसार स्पेशल ट्रेनों का किराया सामान्य एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों की तुलना में अधिक लिया जाता है।

# माधवगढ़ में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन



सतना।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महा विद्यालय सतना की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस ग्राम माधवगढ़ में उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत गीत एवं "वंदे मातरम" की प्रस्तुति से वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। महिला कार्यक्रम अधिकारी एवं शिविर समन्वयक डॉ.गरिमा सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.सी.राय,शिविर स्थल शासकीय पद्मधर उच्च माध्यमिक विद्यालय माधवगढ़ के प्राचार्य अनिल सोनी तथा एनएसएस के जिला संगठक एवं शिविर निदेशक डॉ.क्रांति मिश्रा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन शिविर संचालक विपिन कुमार सेन द्वारा किया गया।

## संकल्प से समाधान अभियान के जिला स्तरीय शिविर में हितलाभ वितरित



सतना। संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला पंचायत सतना में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह सहित जिला पंचायत के सदस्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह,की उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे,जिन्होंने योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और मौके पर ही अपनी समस्याओं का समाधान भी कराया।

# सुप्रीम कोर्ट के नए एएसजी अनिल कौशिक ने की मां शारदा के दरबार में पूजा-अर्चना



मैहर।

केंद्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किए गए वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कौशिक अपने परिवार सहित मां शारदा देवी के दर्शन करने मैहर पहुंचे। हाल ही में केंद्र ने अनिल कौशिक के साथ दविदर पाल सिंह और कनकमेडाला रविंद्र कुमार को भी एएसजी नियुक्त किया है,जो सर्वोच्च न्यायालय में सरकार का पक्ष रखेंगे। मैहर पहुंचने पर देवी जी सर्किट हाउस में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी एवं उनके पुत्र अभिषेक सोनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अनिल कौशिक का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद अनिल कौशिक ने मां शारदा देवी के दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी रही।

## खबर संक्षेप



### पन्ना पुलिस की कार्यवाही, अभियान के तहत स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**करीब पांच वर्षों से फरार चल रहा था आरोपी**

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल स्तर से चलाए जा रहे कांबिंग गस्त अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को लंबे समय से लंबित स्थाई वारंटियों की तामील सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अजयगढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। अजयगढ़ पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे तथा उनकी तलाश के लिए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि स्थाई वारंटी जागेश्वर यादव निवासी तुर्कातरी का अमहा तिगैला के पास देखा गया है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर पिछले लगभग पांच वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया। माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय अजयगढ़ के प्रकरण क्रमांक 97/20 धारा 341, 323, 294, 506 भादवि के आरोपी जागेश्वर उर्फ जागे यादव पिता प्यारे लाल यादव उम्र 33 साल निवासी ग्राम तुर्कातरी थाना अजयगढ़ जिला पन्ना को अजयगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जो माननीय न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जिला जेल पन्ना दाखिल कराया गया।

### 16 हितग्राहियों के खाते में 36 लाख की राशि अंतरित

**कटनी।** नगर निगम सीमा के विभिन्न वार्डों के पात्र 16 मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राहियों के बैंक खातों में 36 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जिसमें सामान्य मृत्यु के 14 प्रकरणों में 28 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि और दुर्घटना मृत्यु के 2 प्रकरणों में 8 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि हितग्राहियों को प्रदान की गई। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना में दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा भी उपलब्ध करवायी जाती है। प्रदेश के लाखों श्रमिक एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना में सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना में लाभ प्रदान किये जा रहे हैं।

### शिविर एवं डोर-टू-डोर पहुंचकर करों की वसूली

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा बकाया करों पर दी जा रही विशेष छूट का लाभ दिलाने हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार, नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर 31 मार्च 2026 तक प्रदान की जा रही छूट के अंतर्गत शेष करदाताओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से रविवार, शासकीय अवकाश के दिन भी विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। नगर के पांच प्रमुख स्थलों नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय माधव नगर, दुर्गा चौक खिरहनी उप कार्यालय, सुभाष चौक एवं बस स्टैंड पुलिस चौकी के समीप आयोजित शिविरों में करदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बकाया करों का भुगतान कर छूट का लाभ प्राप्त किया।

## जिले में जल प्रदाय करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई टंकियों के माध्यम से जल तो नहीं पहुंचा पर टंकियां हो रहीं जर्जर

कार्य योजना या समय के साथ किस तरह से विकास कार्यों के नाम पर राषि व्यय की जाती है वहीं सदउपयोग कैसे होना है यह भी सवालों के घेरे में हैं जल पहुंचाने की व्यवस्था नहीं हुई बनी टंकियां हुई जर्जर आखिरकार जब जल इन टंकियों तक पहुंचेगा तक टंकियां ही कई जगह धरासाही होगी। आखिर जिम्मेदार होगा कौन? राषि की दुरूउपयोग का मामला।



**पन्ना।**

जिले में जल प्रदाय करने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई पेयजल टंकियां आज स्वयं ही अपने आप साक्षी है। किस तरह से टंकियों के हालात हो चुके है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि कार्य योजना या प्लानिंग किस तरह की होती है यह साफतौर पर जाहिर हो रहा है। जो टंकियां पेयजल सप्लाई करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई है। उन टंकियों तक जल पहुंचाने की व्यवस्था आज तक संभव नहीं हो सकी। टंकियां जरूर जर्जर हो चुकी है। जब तक इन टंकियों में पानी पेयजल के नाम पर पहुंचाया जायेगा तब तक ये टंकियां कई जगह स्वयं ही धरासाही हालात को लेकर जानी जायेगी। क्योंकि टंकियां जीर्णषीर्ण हो चुकी हैं वहीं पेयजल सप्लाई की व्यवस्था आज भी कोसों दूर हैं जिन डेमों से इन टंकियों तक पानी पेयजल के नाम पर पहुंचाया जाना था डेम ही नहीं बन पाये तो पानी कहां से पहुंचाया जा सके। पर टंकियां जरूर पूर्व से ही बना दी गई थी। इतना ही नहीं गांव-गांव में सीसी सडकों को खोदकर कई जगह गांवों में पानी के इंतजार में लोगों को सटक लगाकर खाली लालीपोप जैसे हालात जरूर बयां किये गये है। आखिरकार किस तरह से हमारे यहां विकास कार्यों में राषि व्यय की जाती है। उसका दुरूउपयोग जिस तरह होता है इसका जीता-जागता उदाहरण समूचे जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराकर इन टंकियों की दास्ता को लेकर बयां कर रहा हैं जहां पेयजल पहुंचाने के नाम पर व्यवस्था आज तक संभव नहीं हो सकी। टंकियां जरूर जर्जर हुई। वह दिन दूर नहीं होगें जब इन टंकियों में पेयजल के लिए पानी भरा जायेगा तो टंकियां कई जगह दुर्घटनाओं को अंजाम देगी क्योंकि तकनीकि मापदण्ड को लेकर आज ही इन टंकियों का सर्वे कराकर परीक्षण कराया जाये। कितनी उपयोगी रहेगीं ये टंकियां क्या पेयजल सप्लाई इन टंकियों के सहारे संभव हो सकेगा। यह तो तकनीकि परीक्षण के रिपोर्ट से खुलासा होगा। वहीं इन टंकियों में व्यय की गई राषि का जिम्मेदार कौन होगा। जहां बिना पानी भरे ये टंकियां स्वयं ही बयां कर रही है। अपनी दास्ता को जीर्णषीर्ण हालात को लेकर समूचे जिले में पेयजल सप्लाई को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में किस तरह से आम आदमी को टंकियां दिखाकर शुद्ध पेयजल का सपना जो दिखाया गया वह आज भी सपना ही है।

## पन्ना पुलिस द्वारा थाना अजयगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही

**आरोपियों के कब्जे से 125.460 लीटर अवैध शराब जप्त( 1,83,640)**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन कर सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अजयगढ़ प्रभारी निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 30.03.2026 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की कार में अवैध शराब लाकर आरोपी आकाश सोनी के घर स्थित दुकान में रखी जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा माधौगंज स्थित आकाश सोनी के घर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मौके पर एक सफेद रंग की चारपहिया वाहन खड़ी मिली, जिसमें बैठा एक व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर वाहन सहित फरार हो गया, जबकि दूसरा व्यक्ति भागने का प्रयास करते हुए पुलिस द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम यादवेन्द्र सिंह परमार निवासी बनहरीकला थाना अजयगढ़ बताया तथा अपने साथी आकाश सोनी निवासी बीआरसी रोड, माधौगंज के साथ मिलकर चंदला से शराब लाकर दुकान में रखने की बात स्वीकार की। दुकान की तलाशी लेने पर कुल 14 कार्टून में 697 क्वार्टर अवैध अंग्रेजी शराब (गोवा ब्रांड) बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 125.460 लीटर एवं अनुमानित कीमत 1,83,640 है। उक्त शराब को मौके पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूध्द थाना अजयगढ़ में अपराध क्रमांक 156/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी-** यादवेन्द्र सिंह परमार, निवासी बनहरीकला, थाना अजयगढ़, जिला पन्ना (म.प्र.) फरार आरोपी- आकाश सोनी, निवासी बीआरसी रोड, माधौगंज, थाना अजयगढ़, जिला पन्ना (म.प्र.)

**सराहनीय योगदान-**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर सहित प्र.आर. अशोक कुमार, जयेन्द्र पाल, राजकुमार, आरक्षक भूपाल सिंह, भूरी सिंह, अमित यादव, अश्वनी कुमार, अरुण प्रताप सिंह, शुभम शुक्ला, प्रदीप एवं मणिराज बागरी की सराहनीय भूमिका रही।

## एकता रथ यात्रा पन्ना पहुंची, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**पन्ना।** अखंड भारत के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुजरात से शुरू हुई श्एकता रथ यात्राश मध्य प्रदेश के अनेक जिलों से गुजरते हुए पन्ना पहुंची। पन्ना, में भव्य और जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के लोग शामिल रहे। निकाली जा रही इस यात्रा में सरदार पटेल की दुर्लभ व्यक्तिगत वस्तुओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं।' यात्रा का उद्देश्यरू सरदार पटेल के विचारों, त्याग और राष्ट्र को एकजुट करने के संदेश को लोगों तक पहुंचाना है। यात्रा का अजयगढ़ चौराहा पररू पर पुष्प वर्षा, माल्यार्पण और ढोल-ढमाके के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। यह यात्रा पूरे मध्य प्रदेश में उत्साह और राष्ट्रभक्ति के माहौल के साथ गुजर रही है।'स्वागत करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला राजबहादुर पटेल स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी शशीकांत दिक्षित मार्तंड देव बुंदेला अनीश पिंकू शहर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर गुनौर में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**गुनौर** - मध्य प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से दुखित होकर एवं देश की भाजपा सरकार से नाराज आम नागरिकों ने कांग्रेस का साथ लेकर प्रशासन को सोपा ज्ञापन ज्ञापन में प्रमुख रूप से गुनौर में गैस की कीमत, किल्लत एवं आवाम की परेशानियों का दुखड़ा सुनाया कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि साहब गुनौर में जो ग्राम शैली में क्रेशर प्लांट लगे हुए हैं उनकी ब्लास्टिंग से सिली वासी एवं गुनौर के रहवासी खासे परेशान है। देर रात के ब्लास्टिंग की जाती है, तो आम नागरिक परेशान होकर सोते हुए जाग जाते हैं एवं सुबह जब अपने घरों की ओर देखते हैं तो मकानों में दरार आ जाती है। ज्ञापन की प्रति महामहिम राष्ट्रपति महोदया भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जिलाधिकारी/एस.डी.एम. महोदय जिला-पन्ना (मध्य प्रदेश) को सौंपते हुए कहा कि गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि, बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी और पेट्रोल-डीजान की किल्लत के संबंध में ज्ञापन महामहिम महोदया हम इस ज्ञापन के माध्यम से आपका ध्यान देश और विशेष रूप से मध्य प्रदेश की आम जनता के साम उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। गैस सिलेंडर एवं ईंधन की कीमतेः केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस (एलपीजी) के दामों में निरंतर की जा रही वृद्धि ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। साथ ही पेट्रोल और डीजल की चढ़ती कीमतों और इसकी अपर्याप्त उपलब्धता के कारण परिवहन और कृषि लागत में भारी वृद्धि हुई है। बिजली दरों में वृद्धिः मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा विजली की दरों में जो याशित बडोत्तरी की गई है. उससे गरीब और मध्यम वर्ग का जीना दूभर हो गया है।



जनविरोधी नीतियांरू सरकार की इन नीतियों के कारण महंगाई चरम पर है, जिससे आमजन, किसान और मजदूर वर्ग बुरी तरह प्रभावित है। 3000-2 नगर के बीच बाजार से भारी भरकम की संभालन कराया जाये, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं, जाम, ट्राफिक आदि से मुक्ति मिल सकें। ग्राम सिली में संचालित केशर संचालकों द्वारा की जा रही ब्लास्टिंग की धमक से रहायसी मकानों पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाये जाकर बायपास मार्ग से असर पड़ रहा है. मकान केक हो रहे है. इसमें तुरन्त वैधानिक तरीके से समाधान कराया जाये। जिसके लिए विनम्र निवेदन करते हुए बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार को बड़ी हुई कीमतें वापस लेने तथा आवश्यक वस्तुओं की पर्यास उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित भरने की कृपा करें, ताकि जनता को इस आर्थिक मानसिक प्रताड़ना से राहत मिल सके।



## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत वन विभाग द्वारा प्राकृतिक झिरियों की साफ-सफाई

**पन्ना।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दक्षिण पन्ना वनमण्डल के शाहनगर वन परिक्षेत्र में प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण हेतु विशेष पहल की गई। शाहनगर रेंज ऑफिसर राजुल कटारे के मार्गदर्शन में बीट उमरिया एवं रमगढ़ा की सीमा निर्धारित करने वाले प्राकृतिक नाले में स्थित झिरियों की व्यापक साफ-सफाई कराई गई। इस कार्य में वनरक्षक आशीष कुमार पाण्डेय, सत्यप्रभा सिंह, रचना जादौन तथा समिति सुरक्षा श्रमिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सफाई अभियान के दौरान झिरियों से पॉलिथीन, कचरा एवं अन्य मलवा निकालकर जल स्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित किया गया। ये प्राकृतिक झिरियां वर्ष भर जल उपलब्ध कराती हैं, जिससे वन्य जीवों, मवेशियों तथा स्थानीय ग्रामीणों को निस्तार हेतु पानी प्राप्त होता है। इस प्रकार के संरक्षण प्रयास न केवल जल स्रोतों की गुणवत्ता बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि ग्रीष्मकाल में वन्य जीवों को वन क्षेत्र में ही बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## टाइगर रिजर्व के द्वारा बनाई सुरक्षा दीवाल में हुई भारी धांधली

**अजयगढ़-** पन्ना टाइगर रिजर्व के बफरजोन की बीट अजयगढ़ हमेशा ही विवादों में रहती है चाहे जंगल की कटाई का मामला हो या कोई ओर।एक बार पुनः अजयगढ़ बीट में बनी सुरक्षा दीवाल को लेकर टाइगर रिजर्व चर्चा में हैं जहां पर 1 किलो मीटर की सुरक्षा में भारी मात्रा में धांधली की गई है।बनाई गई सुरक्षा दीवाल में सागौन चोरों एवं अपराधी तत्वों द्वारा कुछ स्थानों पर दीवाल को गिराकर अपने सुविधाजनक समतल कर दिया गया है जिससे सुगमता से अवांछनीय गतिविधियों को अंजाम दिया जा सके।अजयगढ़ पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग से लगे क्षेत्र में जहां दर्जनों वनकर्मियों के निवास हे ओर साथ ही कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का आना जाना है और उनकी नाक के नीचे समस्त गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है पर विभाग मौन होकर इसे देख रहा है।ऐसे में सोचने वाली बात हे जहां वन विभाग लगातार गशित ओर वनसुरक्षा की बात करता है पर इसमें गंभीरता नजर नहीं आती ये बाते केवल हवाबाजी नजर आ रही हैं विभाग का सूचना तंत्र घोड़े बेच कर सो रहा है इसी प्रकार अजयगढ़ बस स्टैंड के पास मजार से लगे क्षेत्र में लगभग 3 माह पूर्व पशु अवरोधक खंती खोदी गई थी जिस पर खंती खोदने से पूर्व बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाया गया था पर अब अधिकारियों के संरक्षण में वहां पुनः बड़ी संख्या में अतिक्रमण हो गया है खोदी गई खंती में कई जगह मिट्टी भर गई है खंती के आसपास दुकानों के खुल जाने का कारण वन्य प्राणियों के जीवन ओर उनकी सुरक्षा पर संकट उत्पन्न हो रहा है।कुछ माह पूर्व मजार के पास बने तालाब में नीलगाय सहित अन्य जानवर के शव मिले थे पर इसके बाद भी अधिकारियों को कोई भी फर्क नहीं पड़ा ऐसे में अगर यही स्थित रही तो जंगल में रहने वाले वन्य प्राणियों सहित मानव जीवन भी खतरे में पड़ जाएगा।



## किसान की फसल में लगी आग, दो बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक



**पन्ना।** जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम नबस्ता में एक किसान की दो बीघा फसल में शॉट सर्किट से आग लग गई जिसमें किसान की फसल जल कर राख हो गई नौबस्ता ग्राम निवासी राममिलन कोरी की गेहूं की फसल खेत में खड़ी हुई थी बताया जाता है कि अचानक शॉट सर्किट से आग लग गई बुझाने का भी प्रयास किया लेकिन तेज हवा के चलते आग पर काबू नहीं पाया गया जिससे उसकी पूरी फसल जल गई है परिवार बुरी तरह से परेशान है क्योंकि पीड़ति परिवार को खाने पीने की समस्या खड़ी हो गई है साल भर मेहनत करने के बाद अनाज घर आता है लेकिन एन मौके पर इस प्रकार की दुर्घटना होने से किसान बर्बाद हो। गया।स्थानीय लोगों ने किसान की मदद करने तथा शासन एवं प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

## बढ़ती महंगाई और अवैध उत्खनन के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, अजयगढ़ चौराहे पर दिया धरना

**पन्ना।**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा स्थानीय अजयगढ़ चौराहे पर एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और पेट्रोल-डीजल के आसमान छूते दामों के विरोध में किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज पूरे जिले में जनता महंगाई की चक्की में पिस रही है। उन्होंने ने कहा कि गैस, डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। बिजली दरों में की गई भारी बढ़ोतरी ने किसानों और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। श्री खान ने आरोप लगाया कि शहर में सरेआम शराब की बिक्री हो रही है और दिन-दहाड़े रेत का अवैध उत्खनन जारी है, लेकिन जिले के तीनों भाजपा विधायक और सांसद इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। जिला अध्यक्ष ने गैस वितरण प्रणाली पर सवाल उठाते हुए मांग की कि जिले के गैस गोदामों की सघन जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की कालाबाजारी चरम पर है और जांच होने पर बड़े स्तर पर इसका पर्दाफाश होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा सड़क पर उतरने को तैयार है। धरना प्रदर्शन के समापन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार अखिलेश प्रजापति को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में के माध्यम से बिजली की बढ़ाई गई दरों को तत्काल वापस लिया जाए। गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम कर इनकी सुगम उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अवैध उत्खनन और कालाबाजारी पर लगाम लगाई जाए। आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह, प्रभारी पन्ना विस पुष्पेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता रामकिशोर मिश्रा, पुरुषोत्तम जड़यि, मार्तण्ड देव बुंदेला, राजबहादुर पटेल,पन्ना ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रमा बुंदेला, आस्था तिवारी, कदीर खान, दीपक तिवारी, भूपेंद्र सिंह परमार, वासुदेव बुंदेला, रहीमा खातून, बृजेंद्र दुबे, पिंकू सिद्दीकी, शशीकांत दिक्षित, अजय तिवारी, वेदांत मिश्रा, अमित शर्मा, रियासत खान, राजकुमार कुशवाहा, सरदार सिंह यादव, सुरेश अहिरवार, भोले कुशवाहा, नसीम, शुभम तिवारी, नदीम, सचिन वर्मा, रामदास जाटव, इमरान राइन, जितेंद्र दुबे, संजय दीक्षित, ढीलन सिंह, अजय बाजपेई, नरेंद्र कुमार, बृजेंद्र यादव, रोजी बेगम, संगीता जाटव, सकीना बानो, शीलाबाई वंशकार, कौशल्या विश्वकर्मा, प्रेम बाई रजक, संगीता रजक, सीमा वंशकार, पूर्वा अहिरवार, मीराबाई जाटव, सोमवती, लालबाई सिंह, फूल कुमारी जाटव,नाजरा बेगम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने किया।

**विलुप्त प्रजातियों को संग्रह करने में जुटा विभाग**

## मध्यप्रदेश की दुर्लभ और संकटग्रस्त औषधीय पौधे आमा रोपडी में किये जा रहे रोपित

**पन्ना।**








पन्ना जिले के शाहनगर स्थानिय केन नदी के किनारे आमा रोपडी में मध्यप्रदेश की दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजाति के पौधों को रोपित किया जा रहा है। ये प्रजातियां मध्यप्रदेश में विलुप्त होने की कगार पर हैं। पर इनको संरक्षित करने की पुरजोर कोशिश में वन विभागिय अमला जुटा हुआ है। विलुप्त हो चुकी प्रजातियों के कई पौधों का औषधीय महत्व भी हैं। कुछ ऐसे पौधे भी हैं जिनका वास्तु दोष निवारण और विभिन्न राशियों के लिए भी उपयोग किया जाता है। जिन प्रजातियों के पौधों को यहां रोपा गया है उनकी देखरेख के भी उचित इंतजाम किए गए हैं। जिसमें आमा रोपडी प्रभारी श्रीमति मुक्ता रैकवार सहायक अमित रैकवार एवं सुरक्षा श्रमिक सहदेव बर्मन सहित 3दर्जन से अधिक मजदूर दिन रात लगे हुये है ये पौधों की प्रजाति थी संकट में - दहीमन, शल्यकर्णी (कर्कट) और मैदा वृक्ष की प्रजातियां अत्यधिक दुर्लभ है साथ ही सोनपाठा, गरुड़ वृक्ष, कल्पवृक्ष, गदहा पलाश,वृक्ष कुंभी, गबदी, केकड़ा, , जहरमोहरा, कुल्लू, हल्दु ,अचार ,हरसिंगार प्रजाति के वृक्ष संवेदनशील की श्रेणी में हैं। धवा, सलई, चिरौंजी, तमोली, हड्डुआ, धनकट, अंजन, तिनसा, तिलवन, भिलमा, हर्रा वृक्ष की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर थी जिनको भविष्य के लिए बचाना बेहद जरूरी है। शल्यकर्णी पौधा- इस पौधे की खासियत यह है कि यह घाव भरने के लिए काम में आता है, इस पौधे का उल्लेख महाभारत और चरक संहिता में भी है। दहीमन - दहीमन जिसे वैज्ञानिक रूप से कॉर्डिया मैक्लडी कहा जाता है, एक दुर्लभ और औषधीय पौधा है, जिसे छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से श्संजीवनी बूटीश के समान माना जाता है। इसे श्दहिपालसश या श्कुहमनश के नाम से भी जाना जाता है। दहीमन पौधा का मुख्य औषधीय उपयोग गंभीर बीमारियों में रामबाण हैं जिनमें कैंसर में दहीमन की पत्तियों और छाल का उपयोग प्रारंभिक चरण के कैंसर के इलाज में फायदेमंद माना जाता है। साथ ही इ गुर्दे (किडनी) से संबंधित बीमारियों के लिए भी कारगर माना जाता है। नशा उतारने में जादुई असर यह पेड़ अपनी पत्तियों के एक अनोखे गुण के लिए प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि इसकी पत्तियों का रस या उन्हें चबाने से शराब का नशा मिनटों में उतर जाता है। यह नशा मुक्ति में सहायता कर सकता है। ऐसे में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को जीवित रखने जंगल बचाना बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम और हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को जीवित रखने के लिए विभाग जुटा हुआ है।

**इनका कहना है -**

आम जनता और कृषक बंन्धुओं से आग्रह है की जो सरकारी दरें है उन्ही दरों पर सभी पौधे उपलब्ध है अपने खेतखलिहान या बाग बगीचों में इन औषधीय, फलदार व ईमारती पौधे रोपित कर दैनीक जीवन में उपयोग कर सकते ह सभी नर्सरी पर उपलब्ध है।

**श्रीमति मुक्ता रैकवार प्रभारी आमा रोपडी नर्सरी केन्द्र तहसील शाहनगर**

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से निकली भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा, भक्तों में दिखा उत्साह



**बमीठा।** जैन धर्मावलंबियों के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर बमीठा में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः मंदिर में श्रीजी के मंगल अभिषेक, शांति धारा एवं विधिवत पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात गाजे-बाजे, डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में सुसज्जित पालकी में विराजमान श्रीजी के आगे-आगे महिलाएं एवं पुरुष श्रद्धा और उल्लास के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आरती उतारी गई और शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा और भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 6 एकड़ गेहूं जलकर राख, किसानों को लाखों का नुकसान



**छतरपुर।** जिले के थाना गढ़ी मलहरा क्षेत्र अंतर्गत नुना ग्राम में रविवार दोपहर अचानक आग लगने से खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। जानकारी के अनुसार फूलचंद पटेल (निवासी नुना) और मोहन कुशवाहा (निवासी सिंदूरकी) के खेतों में सूखी फसल में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 6 एकड़ क्षेत्र में फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने का कारण खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट और तेज हवाएं बताई जा रही हैं। आग की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस भीषण आगजनी में किसानों की सालभर की मेहनत जलकर खाक हो गई, जिससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजा एवं आर्थिक सहायता की मांग की है।

### प्राइवेट एंबुलेंस चालकों ने मरीजों को किया परेशान

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में एक बार फिर दलाली का मामला सामने आया है, जहां प्राइवेट एंबुलेंस चालक और उनके दलाल सक्रिय होकर मरीजों और उनके परिजनों को गुमराह कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अस्पताल परिसर में ही दलाल मरीजों को जबरन दूसरे अस्पतालों में ले जाने का दबाव बना रहे हैं, जिससे मरीजों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।हाल ही में एक गंभीर रूप से घायल मरीज के मामले में यह स्थिति देखने को मिली। मरीज का इलाज जिला अस्पताल में ही संभव था, लेकिन प्राइवेट एंबुलेंस चालकों के दलाल उसे अत्यधिक गंभीर बताकर रेफर कराने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान मरीज के परिजनों को बार-बार प्राइवेट एंबुलेंस के मोबाइल नंबर दिए गए और उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए डराया गया। मामले की जानकारी मिलते ही डॉक्टर रवि सोनी मौके पर पहुंचे और मरीज की जांच कर बताया कि उसकी हालत स्थिर है और इलाज यहीं संभव है। उन्होंने तत्काल दलालों द्वारा दिए जा रहे मोबाइल नंबर और एंबुलेंस चालकों के संपर्क कार्ड जब्त कर लिए और पूरे मामले की शिकायत सिविल सर्जन से की। सूत्रों के अनुसार, इस तरह के दो से तीन मामले हाल ही में सामने आ चुके हैं, जिससे अस्पताल की व्यवस्था और छवि दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर क्या कार्रवाई करता है।

### महाराजा छत्रसाल यूनिवर्सिटी में छुट्टी के दिन पार्टी, कुल सचिव बोले- जानकारी नहीं

# रविवार को यूनिवर्सिटी में पार्टी पर बवाल, एनएसयूआई ने जताया विरोध

**छतरपुर।** शहर की महाराजा छत्रसाल यूनिवर्सिटी में रविवार को आयोजित एक कथित पार्टी अब चर्चा और विवाद का विषय बन गई है। अवकाश के दिन विश्वविद्यालय परिसर में बंद कमरे में पार्टी किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध जताया है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पार्टी में विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षक और अन्य लोग शामिल थे।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना है कि रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में गतिविधियां नहीं होनी चाहिए थीं, इसके बावजूद अंदर बंद कमरे में कार्यक्रम चल रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने मीडिया को सूचित किया। मीडिया कर्मी विश्वविद्यालय पहुंचे और कुल सचिव से पूरे मामले में सवाल किए।




कुल सचिव ने कहा कि उन्हें इस पार्टी की कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने यह भी माना कि विश्वविद्यालय परिसर के भीतर पार्टी ये कोई विषय नही है शासन की योजनाएं गिनाते हुए मामले से पल्ला झड़ते नजर आए है वहीं कुछ शिक्षकों का कहना है कि संस्था के भीतर कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर स्पष्ट गाइडलाइन बनी हुई है, जिनका पालन किया जाना चाहिए।

मामले के सामने आने के बाद विश्वविद्यालय में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि मामले की जांच नहीं हुई तो वे जल्द ही विरोध प्रदर्शन करेंगे। दूसरी ओर, जब मीडिया ने जिम्मेदार लोगों से सवाल किए तो वे जवाब देने से बचते नजर आए और बातचीत को दूसरी दिशा में ले जाने का प्रयास करते रहे।

## व्यापारी के घर चोरों ने बोला धावा, सोने-चांदी के आभूषण लेकर गायब



**छतरपुर।** व्यापारी कमल अग्रवाल के सागर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पीछे निवास पर बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। जिसमें लगभग 10 तोला सोना, चांदी के कुछ आभूषण सहित एक दोनाली बंदूक भी चोर चुरा ले गए। बताया जा रहा है कि कमल अग्रवाल इस समय दिल्ली किसी काम से गए हैं। कमल अग्रवाल की पत्नि उर्मिला अग्रवाल ने बताया कि चोर लगभग 1 बजे के बाद आए हैं लगभग 3 बजे आहट मिली तो उठकर देखा तो दरवाजे खुले थे फिर हमने चिल्लाया तब तक चोर छत से कूदकर भाग गए। तीन लोग थे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए हैं। लगभग 10 तोला सोना और चांदी के कुछ आभूषण चोरी कर ले गए हैं। साथ ही एक दोनाली बंदूक भी चोरी कर ली है। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

# ट्रेंचिंग ग्राउंड की आग बनी किसानों के लिए आफत, गेहूं की फसलें जलकर राख

### प्रशासन की देरी पर भड़के किसान, फायर ब्रिगेड न पहुंचने से बढ़ा नुकसान

**हरपालपुर।** नगर परिषद हरपालपुर के सरसेड़ गांव स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमा कचड़े में लगी आग अब किसानों के लिए बड़ी आफत बन गई है। कचरे से भड़की यह आग धीरे-धीरे विकराल रूप धारण करते हुए आसपास के खेतों तक पहुंच गई, जहां नरवाई और खेतों में रखी कटी हुई गेहूं की फसल इसकी चपेट में आ गई। देखते ही देखते आग ने कई किसानों की मेहनत को राख में बदल दिया।

वर्तमान में गेहूं कटाई का सीजन चल रहा है और अधिकांश किसानों की फसल खेतों में ही



रखी हुई है। ऐसे समय में अचानक लगी आग ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आग की तेज लपटों और फैलते धुएं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

किसानों ने नगर परिषद हरपालपुर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे के सही प्रबंधन की अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ। साथ ही, सूचना देने के बावजूद अब तक न तो प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और न ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने के लिए पहुंची है।

ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही आग पर काबू नहीं पाया गया, तो और अधिक फसल नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# भाजपा किसान मोर्चा में अपराध का राजनीतिकरण करने के प्रयास



### रेत माफिया सहित तीन लोगों के नामों की हो रही हलचल

**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चो के पदाधिकारियों की घोषणा की जा रही है। मुख्य रूप से युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा जैसे प्रमुख मोर्चो के माध्यम से लोगों को जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष के लिए जिन लोगों के नामों की हलचल है उनमें एक ऐसा नाम है जो अपराध का राजनीतिकरण करने में लंबे समय से लगा है। डकैत गिरोह के सदस्य से लेकर रेत माफिया तक के तमगे उसे मिल चुके हैं। इसके अलावा दो अन्य नाम भी रेस में दौड़ रहे हैं।

### ठोकिया गिरोह के सदस्य रहे रूद्र पटेल पर दर्ज थे कई संगीन अपराध

सूत्रों का कहना है कि डकैत ठोकिया गिरोह के सदस्य के रूप में काम करने वाले रूद्रप्रताप पटेल के खिलाफ बांदा, पन्ना, छतरपुर में हत्या, हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा डालना तथा बलवा जैसे अपराध पंजीकृत रहे हैं। इसके अलावा केन नदी के रामपुर घाट में प्रशासन की टीम के ऊपर हुई गोलाबारी में भी रूद्र पटेल शामिल था। विधानसभा चुनाव के दौरान रूद्र पटेल ने राजनगर से बसपा के उम्मीदवार रहे डॉ. घासीराम पटेल का साथ दिया था। इतना ही नहीं वह ओबीसी महासभा को भी लगातार समर्थन देता रहता है। पूर्व विधायक आरडी प्रजापति के माध्यम से अपराध की दुनिया से राजनीति में प्रवेश करने वाला रूद्र प्रताप पटेल पूर्व विधायक राजेश प्रजापति के साथ रहा लेकिन मौका पाकर उसने वर्तमान में चंदला विधायक का साथ पाया है। इसके अलावा वे विधायक के करीबी होने का लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं।

### जिपं सदस्य प्रतिनिधि और पूर्व सरपंच भी रेस में

किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र सिंह कुटिया दौड़ में शामिल दिखाई दे रहे हैं। श्री कुटिया भाजपा संगठन में मजबूत पकड़ रखते हैं। इसके अलावा एक अन्य नाम जिला मुख्यालय की समीपी पंचायत खोंप के पूर्व सरपंच माधव मिश्रा का भी चल रहा है। बताया जा रहा है कि माधव मिश्रा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नजदीकी हैं।यह बात सही है कि किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष की दौड़ में वर्तमान जिला उपाध्यक्ष रूद्रप्रताप पटेल, महामंत्री माधव मिश्रा और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र सिंह कुटिया सामने दिखाई दे रहे हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली अब तक किसी के समझ में नहीं आयी है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली के अलावा कई ऐसे राज्य हैं जहां मुख्यमंत्रियों से लेकर अन्य पदाधिकारियों, यहां तक कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुने गए नितिन नबीन का भी कहीं नाम नहीं आ रहा था। भाजपा हमेशा चौकाने वाली पार्टी है। जिन नामों की रेस होती है वे रह जाते हैं और कोई अगला नाम सामने आ जाता है। देखना यह है कि भाजपा अपराध का विधिवत राजनीतिकरण करती है या पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम करने वाले व्यक्ति को मौका देती है।

# इमिलिया में राशन वितरण व्यवस्था चरमराई, घंटों इंतजार के बाद भी नहीं पहुंचा सेल्समैन

**छतरपुर।** जिले के इमिलिया गांव में राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह लचर नजर आ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव की कोटा दुकान महीने में मात्र 4 दिन ही खोली जाती है, जिससे गरीब परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्धारित समय के अनुसार आज सुबह 8 बजे राशन वितरण होना था, लेकिन सुबह 11 बजे तक भी सेल्समैन मौके पर नहीं पहुंचा।

इस दौरान करीब 75 परिवार अपने जरूरी कामकाज छोड़कर दुकान के बाहर इंतजार करते रहे। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को झेलनी पड़ी, जिन्हें घंटों धूप में खड़े रहना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर राशन नहीं मिलने से उनके सामने रोजमर्रा के जीवन की



समस्याएं खड़ी हो रही हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार सेल्समैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गांव में नियमित एवं समय पर राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि गरीबों को राहत मिल सके।

# महावीर जयंती पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा



**छतरपुर।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर जैन समाज ने बड़े उत्साह के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा कोतवाली के समीप स्थित जैन मंदिर से शुरू हुई। यात्रा छत्रसाल चौराहे से होते हुए मेला ग्राउंड स्थित जैन मंदिर पहुंची, जहां प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रवचन के बाद शोभायात्रा पुनः शुरू हुई और जवाहर रोड बस स्टैंड, चौक बाजार होते हुए वापस कोतवाली के समीप स्थित जैन मंदिर में जाकर संपन्न हुई।

रास्ते भर जगह-जगह स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में जैन समाज के महिलाओं, बच्चों और युवाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। जैन समाज के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार जैन ने बताया कि महावीर जयंती के उपलक्ष में इस वर्ष शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम और उत्साह के साथ निकाली गई। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों- अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को अपनाने का संदेश इस शोभायात्रा के माध्यम से पूरे शहर में पहुंचा। शोभायात्रा में जैन समाज के अनेक गणमान्य नागरिक और भक्तजन शामिल हुए।

# विस्थापित कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण विंध्याचल की प्राथमिकता- साहा

**सिंगरौली।** एनटीपीसी की विंध्याचल परियोजना एशिया की सबसे बड़ी एवं विश्व की आठवीं सर्वाधिक विद्युत उत्पादन वाली परियोजना है जिसकी वर्तमान विद्युत उत्पादन क्षमता 4783 मेगावाट है, जो कोयला, सोलर एवं हाइड्रो से उत्पादित होती है। विंध्याचल परियोजना विस्थापित कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित है। यह बातें विंध्याचल परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने कहीं। परियोजना प्रमुख आज उमंग भवन मे मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। श्री साहा ने कहा कि विंध्याचल परियोजना विद्युत उत्पादन के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होनें बताया कि विंध्याचल की उपलब्धियों के वजह से ही विंध्याचल को हर क्षेत्र में पुरस्कार हासिल हुये है। श्री साहा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तभ है और मीडिया को परियोजना के विकास को लेकर अपना सहयोग देना




चाहिए। मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा वर्तमान परिदृश्य मे आने वाली समस्याओं को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में परियोजना प्रमुख ने बताया कि एनसीएल परियोजनाओं से उन्हें संतोषजनक कोयला प्राप्त हो रहा है। वहीं कोयला परियोजनाओं से एमजीआर के माध्यम से कोयला आपूर्ति मे डीजल की कमी के किसी प्रभाव को परियोजना प्रमुख ने नकारा वहीं सीएचपी के विद्युतीकरण किए जाने के सवाल पर परियोजना प्रमुख ने सहमति जताते हुये कहा कि इस सुझाव से वें वरिष्ठ प्रबंधन को अवगत कराएंगे।सयंत्र से निकालने वाले राख के उपयोग एवं उसकी उपयोगिता के बारें में परियोजना प्रमुख ने बताया कि सायंत्र से निउकलने वाली फ़्लाइ ऐश की शतप्रतिशत उपयोगिता को लेकर विंध्याचल परियोजना प्रतिबद्ध है, जिसके लिए विभिन्न स्तरों मे प्रयास कर फ़्लाइ ऐश का उपयोग किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा कार्बन कैप्चर प्लांट की चर्चा करते हुये परियोजना प्रमुख ने बताया कि कार्बन फूटप्रिंट को शून्य करने की दिशा मे एनटीपीसी द्वारा विंध्याचल में कार्बन कैप्चर प्लांट की स्थापना की गई। जिसके द्वारा सयंत्र से निकलने वाली हानिकारक गैस कार्बन मोनोआक्साइड को शोषित कर उसे वायुमंडल में जाने से रोकता है और इसके बाई प्रोडक्ट एथेनाल का उपयोग परियोजना में किया जाता है।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, एक दर्जन से अधिक लोगों ने किया हमला, तीन चचेरे भाइयों में दो की हालत गंभीर

**छतरपुर।** जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजना पुरवा के पनोठा हार में जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। बीती शाम करीब 4:30 बजे एक दर्जन से अधिक लोगों ने मिलकर तीन लोगों पर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और सब्बल से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, सोनू सिंह चौहान, प्रताप सिंह चौहान और अंकित सिंह चौहान अपने परिवार के साथ खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान उनके चचेरे भाई और अन्य लोग कथित रूप से जबरन जमीन पर खेती का कार्य कर रहे थे। प्रताप सिंह चौहान ने उन्हें रोकते हुए कहा कि जमीन उनके नाम दर्ज है और हर साल कब्जा कर फसल बोने की बात अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आरोपियों—धर्मेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, गजराज सिंह, शंकर सिंह, तेज सिंह, जंट बहादुर सिंह, राजेश सिंह, सतेंद्र सिंह, छोटू सिंह, बलदेव सिंह, अजित सिंह, राकेश सिंह, गोविंद सिंह सहित अन्य ने एकजुट होकर



हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और संभल से ताबड़तोड़ वार किए। बीच-बचाव करने पहुंचे सोनू सिंह चौहान और अंकित सिंह चौहान को भी नहीं बख्शा गया और उन पर भी जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में प्रताप सिंह चौहान और सोनू सिंह चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य को भी चोटें आई हैं।

घटना के बाद परिजन घायलों को बिना पुलिस को सूचना दिए तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है। बाद में अस्पताल से ही पुलिस को सूचना दी गई।

ईशानगर थाना प्रभारी मनोज गोयल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके के लिए रवाना कर दी गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यटन नगरी खजुराहो में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती, उमड़ा जन सैलाब

**खजुराहो।** जैन मंदिर महावीर जिनालय के लिये शोभा यात्रा निकाली गई धूमधाम से मनाया गया, भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब।

खजुराहो। जियो और जीने का संदेश सम्पूर्ण विश्व को देने वाले जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पर्यटन नगरी खजुराहो में भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा नगर में निकली। स्वर्णोदय तीर्थ (जैन मंदिर) से अभिषेक पूजन उपरांत शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा गांधी चौराहा बस स्टैंड वेस्टर्न तिराहा गोल मार्केट सेवाग्राम महावीर जिनालय में समाप्त हुई। शोभायात्रा में ढोल बाजे घोड़े बग्घी के साथ भगवान पालकी में



विराजमान थे। जैन समाज के साथ बड़ी संख्या में जैनेतर बंधु भी सम्मिलित हुए। जगह जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया भगवान की आरती की गई। शोभायात्रा का भव्य स्वागत नगर के पूर्व विधायक राजनगर के द्वारा भी किया गया एवं श्रीराम उत्सव समिति, गाइड एसोसिएशन एवं व्यापारी संघ ने किया, इस अवसर पर पुलिस बल भी सम्मिलित हुएं पूरा शहर भगवान महावीर के संदेशों से गुंजायमान हो गया इस अवसर पर अध्यक्ष दिलीप जैन.मंत्री शांत जैन,कोषाध्यक्ष अनूप जैन,अतिशय क्षेत्र प्रबंध समिति के मंत्री राकेश जैन, अरिहन्त महिला मंडल नवयुयक मंडल सभी नगर वासियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। सम्पूर्ण आयोजन के दौरान भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महावीर जिनालय में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक तथा विश्व शान्ति के कामना करते हुए शांतिधारा सम्पन्न हुई।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर सैनिक भर्ती के लिए पंजीयन एक अप्रैल तक

**रीवा।** भारतीय सेना में अग्निवीर सैनिक के रूप में भर्ती के लिए पात्र युवा एक अप्रैल तक अपना पंजीयन ऑनलाइन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पी. गंगा ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए नोटिफिकेशन सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी में जारी कर दिया गया है। सेना में जान के इच्छुक पात्र युवा इस वेबसाइट में अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन कराने के बाद अग्निवीर सैनिक भर्ती रैली में शामिल होकर अग्निवीर सैनिक बनने का अवसर मिलेगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर के फोन नम्बर 7247028996 पर संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है।

### वसूली में निगम की सख्ती, जलकर न चुकाने पर कटेंगे नल कनेक्शन

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम द्वारा जलकर वसूली हेतु बड़े बकायादारों पर कड़ा रुख अपनाते हुए नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में दिनांक 28 मार्च 2026 को जोन क्रमांक 3 के वार्ड 15, 16, 23, 24 एवं 25 में जलकर राशि बकाया होने पर 3 नल कनेक्शन विच्छेदित किए गए। इनमें लक्ष्मीशंकर पर रुपए 35,000, कामधेनु डेयरी पर रुपए 20,000 तथा अम्बर चाट सेंटर पर रुपए 10,000 की जलकर बकाया राशि लंबित होने के कारण नल कनेक्शन काटे गए। इस कार्यवाही के दौरान जलकर बकाया राशि रुपए 1,34,910 मौके पर ही जमा कराई गई। इसी प्रकार उक्त वार्डों में 5 अवैध कनेक्शनों को चिन्हित कर उन्हें विच्छेदित करने की कार्रवाई नगर निगम की जलकर वसूली एवं अतिक्रमण टीम द्वारा की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि बिना नगर निगम की अनुमति के नल कनेक्शन जोड़ने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# लोही गांव में दिल दहला देने वाली वारदात: बुजुर्ग महिला की सिर काटकर हत्या, इलाके में सनसनी

**बिछिया थाना क्षेत्र में 60 वर्षीय लीलावती पटेल का धड़ खेत में मिला, 200 मीटर दूर गेहूं के खेत से बरामद हुआ सिर; पुलिस ने ड्रोन और डॉग स्क्वॉड के साथ शुरू किया सर्च ऑपरेशन**

रीवा।







जिले में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए अपराधियों ने एक ऐसी वारदात को अंजाम दिया है, जिसने रूह कंपा दी है।बिछिया थाना अंतर्गत लोही गांव में सोमवार को एक बुजुर्ग महिला का सिर कटा शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया अपराधियों की क्रूरता का आलम यह था कि वे हत्या के बाद महिला का सिर अपने साथ काटकर ले गए। बता दे बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड स्थित लोही गांव में सोमवार को एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला लीलावती पटेल की सिर कटी लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हत्या की क्रूरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आरोपियों ने महिला की बेरहमी से हत्या करने के बाद उसका सिर धड़ से अलग कर अपने साथ ले गए। पुलिस को घटनास्थल से केवल धड़ बरामद हुआ है, जबकि कटे हुए सिर की तलाश के लिए पुलिस ने बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर किया। डॉग स्कॉट की टीम के साथ पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया,कई घंटों की मशक्कत के बाद घटनास्थल से 200 मीटर की दूरी पर गेहूं के खेत में महिला का सर पुलिस में बरामद किया। घर के पीछे खेत में मिला शव, देखकर कांप उठी ग्रामीण महिलाघटना का खुलासा उस समय हुआ जब सोमवार दोपहर करीब 1 बजे पड़ोस में रहने वाली एक महिला लीलावती पटेल को आवाज देने उनके घर पहुंची। काफी देर तक कोई जवाब न मिलने पर महिला ने घर के अंदर देखा, लेकिन लीलावती वहां नहीं थीं। इसके बाद वह घर के पीछे स्थित खेत की ओर गई, जहां का दृश्य देखकर उसकी रूह कांप गई। खेत में खून से लथपथ लीलावती का धड़ पड़ा था, जबकि सिर पूरी तरह गायब था। महिला ने घबराकर शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पूरे गांव में यह खबर आग की तरह फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।पुलिस अधीक्षक सहित भारी बल घटनास्थल का किया निरीक्षण, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्यसूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस के साथ पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। घटनास्थल को तत्काल सील कर दिया गया और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर बारीकी से जांच कराई गई। टीम ने मौके से खून के नमूने, पैरों के निशान सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है।ड्रोन और डॉग स्क्वायड की मदद से चल रहा सर्च ऑपरेशनइस जघन्य हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने कई टीमें गठित की हैं। गांव और आसपास के इलाकों में ड्रोन कैमरों और डॉग स्क्वायड की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।कुओं, झाड़ियों, खेतों और सुनसान जगहों पर पुलिस बारीकी से जांच किया, कई घंटों की मेहनत के बाद पुलिस ने महिला के सर को लगभग घर के 200 मीटर दूरी से बरामद किया। अकेली रहती थी महिला, मजदूरी कर चलाती थी जीवनग्रामीणों के मुताबिक, मृतका लीलावती पटेल अपने घर में अकेली रहती थीं। उनका कोई बेटा नहीं है, जबकि उनकी एकमात्र बेटी शादी के बाद ससुराल में रहती है। लीलावती मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती थीं और उनका किसी से कोई विवाद भी सामने नहीं आया है।हत्या से पहले बेरहमी से मारपीट की आशंकापुलिस के अनुसार हत्या से पहले महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने पहले उनके दोनों हाथ तोड़े, फिर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद पहचान छिपाने या किसी अन्य कारण से सिर काटकर अपने साथ ले गए। बेटी बोली मां का किसी से नहीं था विवादमृतका की बेटी सुनीता पटेल ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी ग्रामीणों से मिली। उन्होंने कहा, मेरी मां का किसी से कोई विवाद नहीं था। वह अकेली रहती थीं और मजदूरी करके अपना गुजारा करती थीं। आरोपियों ने बहुत बेरहमी से उनकी हत्या की है। पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करे। एसपी बोले जल्द होगा खुलासापुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि, लोही गांव में एक वृद्ध महिला का सिर कटा शव मिला है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। कुछ अहम सुराग मिले हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## स्वास्थ्य विभाग में दवा खरीदी के नाम पर हुआ बड़ा फर्जीवाड़ा

**लोकल पर्चेज के नाम पर जैम पोर्टल से खरीद ली लाखों की दवा, बिना टेंडर के स्टोर की रंगाई पुताई का भी दिया गया ठेका**




**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग में फिर एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बजट को ठिकाने लगाने नियम विरुद्ध दवा की खरीदी गई। स्टोर में पहले से जो दवा थी, उसे लोकल पर्चेज के नाम पर जैम पोर्टल से सीधे खरीद ली गई। दवाइयां भी स्टोर पहुंच गई है। अब भुगतान की कवायद जारी है। लाखों रुपए की दवाइयां खरीदी गई है। टेंडर तक नहीं निकाला गया। जबकि खरीदी गई दवाइयां मप्र पब्लिक हेल्थ सर्विस कार्पोरेशन के पास भी मौजूद हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय फिर सुर्खियों में हैं। यहां कोई न कोई फर्जीवाड़ा होता ही रहता है। इसके पहले कई फर्जीवाड़े हुए। जांच हुई और कर्मचारी, अधिकारी दोषी भी पाए गए। इसके बाद भी अनियमितता और फर्जीवाड़े का सिलसिला थम नहीं रहा है। नए सीएमएचओ के आने के बाद उम्मीद थी कि यह सिलसिला रुक जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वित्तीय वर्ष 2025-26 खत्म होने वाला है। रीवा स्वास्थ्य विभाग को जो बजट मिला था, वह लैप्स होने की कगार पर था। इसी बजट को ठिकाने लगाने फार्मासिस्ट रवि प्रकाश दुबे ने ऐसा दिमाग लगाया कि सब हैरान हैं। अधिकारी के साथ मिलकर फार्मासिस्ट ने लोकल पर्चेज के नाम पर नियम तोड़ डाले। करीब 15 लाख से अधिक की दवाइयां जेम पोर्टल से आर्डर कर दी गई। इतनी अधिक मात्रा में दवाइयां खरीदी गई लेकिन टेंडर नहीं निकाला गया। सीधे जैम पोर्टल से दवाइयों का आर्डर दे दिया गया। आर्डर के बाद दवाइयां स्टोर पहुंच गई हैं। जिन्हें ठिकाने लगाने का सिलसिला जारी है। भुगतान के लिए बिल लगाए जा रहे हैं।कार्पोरेशन के पास पहले से ही मौजूद है दवाजिन दवाइयों का जैम पोर्टल से खरीदा गया है। वह पहले से ही स्टोर में पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को मप्र पब्लिक हेल्थ सर्विस कार्पोरेशन से दवाइयों की सप्लाई होती है। इसके लिए भी टेंडर निकाला जाता है। आर्डर के बाद ही सप्लाई होती है। कार्पोरेशन से सीधे दवाइयां न खरीद कर स्वास्थ्य विभाग रीवा ने जैम पोर्टल से लोकल पर्चेज कर लिया। इस खरीदी में भी टेंडर नियमों का पालन नहीं किया गया। कुल मिलाकर सारा बजट कमीशन के फेर में खपाने की जुगत भिड़ा दी गई है।रंगाई पुताई का भी टेंडर नहीं निकाला गयाफर्जीवाड़ा यहीं पर नहीं रुका दवाइयां तो नियम विरुद्ध खरीदी ही गईं। स्टोर में रंगाई पुताई का भी ठेका बिना टेंडर के ही दे दिया गया। सूत्रों की मानें तो रंगाई पुताई का काम भी करीब 5 लाख रुपए कराया जा रहा है। यह ठेका एक दुकानदार को दे दिया गया है। जिस दुकान से रंगाई पुताई की सामग्री खरीदी गई। उसी से काम कराया जा रहा है। इसका भी नियमानुसार टेंडर निकाला जाना था फिर काम कराना था। हालांकि यहां भी नियमों का धता बताया गया।फार्मासिस्ट को फिर वापस बुलाया गयासीएमएचओ कार्यालय के स्टोर में लंबे समय तक फार्मासिस्ट ग्रेड 2 रवि प्रकाश दुबे अटैच रहे। इनकी मूल पदस्थापना सिविल सर्जन कार्यालय में है। इसके बाद भी इन्हें पूर्व के सीएमएचओ ने स्टोर में अटैच करके रखे थे। सिविल सर्जन ने कर्मचारी को मुक्त करने के लिए पत्राचार भी किया था। इसके अलावा इनके खिलाफ अनियमितता की शिकायत भी मुख्यमंत्री के पास पहुंची थी। मुख्यमंत्री के मॉनिट श्रेणी सी में दर्ज शिकायत के आधार पर ही तत्कालीन क्षेत्रीय संचालक एमएल गुप्ता ने सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ला को मुक्त करने के लिए पत्र लिखा था। डॉ संजीव शुक्ला तत्कालीन सीएमएचओ ने रिटायरमेंट के पहले 31 दिसंबर 2025 को ही रवि प्रकाश दुबे को सिविल सर्जन कार्यालय के लिए मुक्त कर दिया था। अब फिर से नए सीएमएचओ ने उन्हें वापस बुला लिया और यह सारा कांड हो गया।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप, बिछिया थाने में पदस्थ एएसआई पर घर में घुसकर अश्लील हरकत करने का आरोप



**रीवा।** जिले में संगीन आरोपो से घिरी पुलिस की वर्दी एक बार फिर दागदार हो गई है। मामला है शहर के बिछिया थाने का है, जहां पदस्थ राकेश वर्मा नामक एएसआई पर 16 साल की नाबालिग लड़की नें दिन दहाड़े घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है।नाबालिग बच्ची का आरोप है कि एएसआई उसके चाचा को पूंछने के बहाने घर पहुंचे और घर के भीतर दाखिल होने के बाद उसके साथ अश्लील हरकते करने लगे।आरोप है कि घटना के दौरान वह नशे की हालत में भी थे,जिस दौरान पीड़ति के विरोध करने के बावजूद एएसआई नें उसका हाथ पकड़कर ना सिर्फ घसीटा बल्कि बिस्तर पर भी पटक दिया।इतना ही नहीं आरोप है कि एएसआई नें घर के दरवाजे में ताला तक बंद कर दिया और बाद में देर रात दोबारा घर पहुंचकर चाभी को घर के ही दरवाजे पर टांग दिया।फिलहाल घटना के दौरान किशोरी नें किसी तरह से न सिर्फ खुद को बचाया बल्कि घर की छत पर चढ़कर अपनी अस्मत बचाई।फिलहाल पीड़ति किशोरी अपनी मां सहित परिजनों के साथ बिछिया थाने पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।दरअसल यह पूरी घटना बिछिया थाना क्षेत्र में रविवार की शाम करीब 4.30 बजे की है।हालाकि किशोरी द्वारा की गई शिकायत के बाद किशोरी के बयान दर्ज कर पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरु कर दी गई है।इधर मामले में एडिशनल एसपी आरती सिंह नें बताया कि 16 वर्सीय किशोरी नें छेड़छाड़ का एक लिखित आवेदन थाने में दिया है जिसमें थाने में ही पदस्थ एएसआई पर छेड़खानी जैसा आरोप है। एडिशनल एसपी के मुताबिक एएसआई कॉबिंग गस्त के दोरान चतुर उर्फ शाकिब नाम के आदतन अपराधी के घर पर जांच के लिये गए थे, जहां मौजूद नाबालिग बच्ची के द्वारा एएसआई पर गंभीर आरोप लगाए गए है जिसकी गंभीरता से जांच कराई जा रही है।वहीं घटना के दौरान नशे में होने की बात पर एएसआई का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कोतवाली सीएसपी राजीव पाठक को सौंप दी गई है जिनके द्वारा अब पूरे मामले की जांच शुरु कर दी गई है।वही जब इस संबंध में आरोपों से घिरे एएसआई राकेश से बातचीत की गई तो उन्होंने भी अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद ठहराया है।एएसआई नें अपना पक्ष रखते हुये कहा कि कॉम्बिंग गश्त के दौरान वह आदतन आरोपी के खिलाफ थाने में आई शिकायत की जांच करने पहुंचे थे, लेकिन आरोपी के घर में मौजूद ना होने पर वह वापस लौट आये थे।फिलहाल एएसआई नें अपने ऊपर लगे आरोपों को आदतन अपराधी द्वारा रंजिशन फंसाने का षड्यंत्र बताया है।उनका कहना है कि पुलिस पर इस तरह के संगीन आरोप लगाना कहीं ना कही पुलिस के मनोबल को कमजोर करता है। फ़िलहाल एएसआई ने भी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। कोई पीड़िता ने पूरे मामले की निपक्ष जांच करने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की है।

## मध्य पूर्व एशिया के युद्ध प्रभावित अन्य देशों की तरह इजराइल से भी भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो : अजय खरे

**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि मध्य पूर्व एशिया क्षेत्र में युद्ध थमता नजर नहीं आ रहा। इस साम्राज्यवादी युद्ध को धार्मिक रूप देना कतई उचित नहीं होगा। वीटो पावर सम्पन्न कोई भी देश एक माह से चल रहे युद्ध के खिलाफ खुलकर नहीं आया है। हालांकि विश्व जनमत युद्ध के खिलाफ है और यहां तक हमलावर अमेरिका में भी युद्ध विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं। इस वजह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इरान पर परमाणु हमले की तैयारी को अंजाम नहीं दे पा रहे हैं। लेकिन यह कहने से बाज नहीं आ रहे हैं कि ईरान को तबाह कर देंगे। ईरान के नागरिक क्षेत्रों पर अमेरिका के विस्फोटक हमले अमेरिका की बर्बरता का नग्न प्रदर्शन है। 80 साल पहले द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा नागासाकी शहर पर किए गए परमाणु हमले से हुए बर्बर नरसंहार और तबाही के शर्मनाक घृणित इतिहास को दोहराने की दिशा में अमेरिका फिलहाल आगे नहीं बढ़ पा रहा। आठ दशक पहले अमेरिका ने जब परमाणु हमला किया था तब केवल उसके पास एटम बम था लेकिन आज नौ देश परमाणु शक्ति सम्पन्न हैं। ऐसी स्थिति में अमेरिका को भी अपने ऊपर परमाणु हमले की जवाबी कार्रवाई का डर बना हुआ है। श्री खरे ने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार ने ईरान एवं अधिकांश खाड़ी देशों से भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने का अभियान जारी रखा है वहीं दूसरी ओर यह देखने को मिल रहा कि इजरायल से भारतीयों को सुरक्षित निकालने की जगह इधर भारत और इजरायल समझौते के अंतर्गत भारतीय श्रमिकों को इजरायल भेजने की व्यवस्था बनाई जा रही है। दरअसल इजराइल और फिलिस्तीन के बीच चले युद्ध के मद्देनजर इजराइल सरकार फिलिस्तीनी मजदूरों को अपने यहां काम करने का परमिट नहीं दे रही है। मौजूदा युद्ध के चलते इजराइल में बड़े पैमाने पर श्रमिकों की कमी है और उसे अतिरिक्त सैनिकों की भी जरूरत है। युद्धरत इजराइल में बाहरी मजदूरों को भर्ती करने के लिए उन्हें ऊंची तनख्वाह का भी लालच दिया गया। भारत में भारी बेरोजगारी के चलते मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर इजराइल जाने के लिए तैयार भी हो गये। यह भारी विडम्बना है कि केंद्र और राज्य सरकारें बेरोजगारों को देश में काम देने की जगह उन्हें दूसरे देश के युद्ध क्षेत्र में झोंकने की मंजूरी दे रही हैं। इजराइल द्वारा फिलिस्तीन पर हमले का एक साल गुजर गया। वहां भारी तबाही मचाई गई।इस दौरान हजारों निर्दोष पुरुष, महिलाएं, बूढ़े, बच्चे मारे गए हैं। उनके घरों को जमींदोज किया जा चुका है। लाखों फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविरों में अमानवीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। ऐसे खराब माहौल में भारतीय कामगारों को भी दुनिया की मेहनतकश आबादी के साथ खड़े होकर यह कहने की जरूरत है कि- हमें इजराइल का यह बुलावा कतई मंजूर नहीं है। इसराइल का अस्तित्व जर्मन तानाशाह हिटलर से पीड़ित लोगों से बना हैं। लेकिन यह भारी विडंबना है कि इजरायल भी विस्तारवादी देशों की राह चल रहा है।

## क्षीरधारा ग्राम योजना से होगा दूध उत्पादन दोगुना

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा खेती के साथ-साथ दुधारू पशुपालन पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के प्रदेश में दूध उत्पादन को दोगुना करने के संकल्प को पूरा करने के लिए क्षीरधारा ग्राम योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत पशुपालन विभाग अन्य विभागों के सहयोग से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए बहुआयामी प्रयास कर रहा है। इस संबंध में उप संचालक पशुपालन ने बताया कि क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत पशुपालन विभाग द्वारा दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार, उन्नत पशुपालन इकाईयों की स्थापना, दुधारू पशुओं की स्वास्थ्य रक्षा एवं पोषण तथा गोपालन को प्राकृतिक खेती से जोड़कर गांव को तीन वर्ष में क्षीरधारा ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। उप संचालक ने बताया कि वन क्षेत्रों, वन्यजीव अभ्यारण्य तथा नेशनल पार्कों की पाँच किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों में दो चरणों में क्षीरधारा ग्राम योजना लागू की जा रही है। जागरूक पशुपालकों तथा संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सहयोग से दुधारू पशुओं की नस्ल सुधार, हरा चारा उत्पादन तथा पशुओं के टीकाकरण का प्रयास किया जाएगा। निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में आश्रय देने के लिए ग्रामीण विकास विभाग का सहयोग लिया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय जिला स्तरीय क्षीरधारा ग्राम संयुक्त समन्वय समिति गठित की गई है। यह समिति दूध का उत्पादन दोगुना करने के लिए पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रयासों में समन्वय करेगी। उप संचालक ने बताया कि क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत कृषि विकास हरे चारे के उत्पादन, प्राकृतिक खेती, बायोगैस एवं गोबर गैस संयंत्रों की स्थापना तथा जैविक खाद बनाने के लिए किसानों को प्रशिक्षण देगा। पशुपालन विभाग से समन्वय बनाकर दुधारू पशुओं के लिए हरा चारा उपलब्ध कराएगा। ग्राम स्तरीय दुग्ध सहकारी समितियों तथा कृषि उत्पादक संगठनों एफपीओ के माध्यम से दोनों विभागों की योजनाओं में समन्वय किया जाएगा। प्राकृतिक खेती के लिए गोबर और गोमूत्र से खाद तथा कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण किसानों को दिया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग स्वसहायता समूहों के माध्यम से पशुपालन को बढ़ावा देगा। इन सभी विभागों के समन्वय से तीन वर्षों में दूध का उत्पादन दोगुना किया जाएगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी मजबूती आएगी। इससे रोजगार के भी नए अवसर पैदा होंगे। कई उच्च शिक्षित युवा आधुनिक डेयरी यूनिट स्थापित करके सफलतापूर्वक स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती का लिया जायजा



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने हरिहरपुर स्थित अपने खेत में प्राकृतिक खेती द्वारा उगाये जा रहे साग-सब्जी तथा गेहूं की फसल का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान जैविक इनपुट, मिट्टी की उर्वरता, जल संरक्षण एवं रासायनिक मुक्त खेती की प्रक्रियाओं का जायजा लिया।

### एमपी टास पोर्टल में छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि आज

**रीवा।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास पोर्टल में आवेदन पत्र 31 मार्च तक जमा किये जा सकते हैं। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अपेक्षा की है कि निर्धारित समयावधि में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन प्रस्तुत किये जांय ताकि उनका परीक्षण कर पोर्टल पर अगले चरण हेतु अग्रेषित किया जा सके।

## वृद्ध किसान पर मधुमक्खियों ने किया हमला, बिगड़ी तबीयत जान बचाने नदी में कूदा वृद्ध, खेत में कटाई करते दौरान घटी घटना

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत खेत में काम कर रहे एक वृद्ध किसान पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया।इस दौरान मधुमक्खियों से जान बचाने के लिए किसान नदी में कूद गया। मधुमक्खियों के हमले से गंभीर रूप से घायल वृद्ध को परिवार के लोगों द्वारा उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया।घटित घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मौलिया गांव में सोमवार सुबह की सुबह खेत में सरसों और गेहूं की कटाई कर रहे 60 वर्षीय किसान बाल्मीकि गोस्वामी पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। बताया गया है कि खेत के पास स्थित आम के पेड़ पर मधुमक्खियों का डेरा था, जहां से अचानक झुंड निकलकर किसान पर टूट पड़ा।अचानक हुए इस हमले से घबराए वृद्ध किसान ने अपनी जान बचाने के लिए पास स्थित नदी में छलांग लगा दी। किसी तरह उन्होंने खुद को बचाया, लेकिन तब तक मधुमक्खियों के डंक से गंभीर रूप से न केवल घायल हो गया,और देखते ही देखते घायल किसान की हालत कुछ इस कदर बिगड़ी कि वह बेहोश हो गया।परिजनों द्वारा गंभीर हालत में किसान को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां समाचार लिखे जाने तक चिकित्सकों की देखरेख में घायल वृद्ध का इलाज चल रहा था।



## मऊगंज में सिलेण्डर लेकर उपभोक्ता पहुंचे थाना, मचा हंगामा

**प्रशासनिक अधिकारियों समझाइश पर मांने लोग, वितरित किया गया सिलेंडर**

**मऊगंज।** प्रदेश के हर जिलों की तरह मऊगंज में भी घरेलू एलपीजी गैस की समस्या बनी हुई है। गैस न मिलने से परेशान लोगों ने मऊगंज में जमकर हंगामा किया। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने मऊगंज थाना पहुंचकर प्रदर्शन किया।




गैस सिलेण्डर के साथ बड़ी संख्या में थाना पहुंचे लोगों ने एजेंसी संचालक पर कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। उपभोक्ताओं ने कहा कि गैस एजेंसी में सुबह से लाइन लगाने के बाद भी सिलेण्डर नहीं मिल पा रहा, जब परेशान लोग एजेंसी संचालक से सिलेण्डर की डिमांड किए तो उसने कहा कि थाना जाओ, वहीं से गैस मिलेगी।जिसके बाद नाराज लोग अपने खाली सिलेण्डर लेकर थाना पहुंच गए। नाराज उपभोक्ताओं के मुताबिक गर्मी के दिनों में लंबी लाइन में लगने के बावजूद सिलेण्डर नहीं मिल पा रहा और उन्हें भटकाया जा रहा है। प्रशासन जहां पर्याप्त मात्रा में स्टॉक होने का दावा कर रहा है तो वहीं लोग सिलेण्डर पाने के लिए परेशान हैं। फिलहाल पुलिस अधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक अमले ने लोगों को समझाइश देते हुए सिलेण्डर दिलाए जाने की बात कही और परेड ग्राउंड में जब पुलिस की देखरेख में गैस का वितरण प्रारंभ हुआ तब लोग शांत हुए।